कार्यवाही | लॉज हादसे के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

सहायक राजस्व निरीक्षक और उपयंत्री निलंबित

अनूपपुर, नवभारत 9 अप्रैल। जिले में हाल ही में हुए दर्दनाक अग्रवाल लॉज हादसे के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने यह कार्रवाई मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के उल्लंघन तथा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर की है। दरअसल कोतमा नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 स्थित बस स्टैंड के पास तीन मंजिला इमारत अग्रवाल लॉज अचानक ढह गई थी। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया।

इमारत के पास खोदा गया था गहरा गड्ढा

जांच में सामने आया कि इमारत के पास अवैध रूप से बेसमेंट निर्माण के लिए गहरा गड्ढा खोदा गया था, जो लगभग 15 दिनों से खुला पड़ा था। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी लापरवाही के चलते सहायक राजस्व निरीक्षक योगेंद्रनाथ तिवारी को निलंबित किया गया है। श्री तिवारी पर शहर में अवैध निर्माण की निगरानी और उसे रोकने की जिम्मेदारी थी, लेकिन उन्होंने अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया।

उपयंत्री पर कर्तव्यों की अनदेखी का आरोप

उपयंत्री (सिविल) वंदना अवस्थी को भी अवैध खुदाई को रोकने में विफल रहने और कर्तव्यों की अनदेखी के आरोप में निलंबित किया गया है। प्रशासन के अनुसार, एबीपीएएस-3.0 प्रणाली के तहत भवन अधिकारी होने के बावजूद उन्होंने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में दोनों अधिकारियों के कृत्य को गंभीर लापरवाही, अनुशासनहीनता और कदाचार की श्रेणी में माना गया है।

मॉडिफाइड साइलेंसर पर पुलिस का बड़ा एक्शन

लगातार जारी रहेगा विशेष अभियान

अनूपपुर, नवभारत 9 अप्रैल। जिले में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और सड़क सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को देखते हुए अनूपपुर पुलिस ने अब सख्ती का रास्ता अपना लिया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के नेतृत्व में मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ व्यापक और लगातार चलने वाला विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसका असर पहले ही दिन देखने को मिला।

यातायात पुलिस ने अभियान के पहले दिन ही कार्रवाई करते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर लगे 3 बुलेट वाहनों को चिन्हित कर उनके साइलेंसर जब्त कर लिए। साथ ही वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई भी की गई। पुलिस का कहना है कि यह सिर्फ शुरुआत है, आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा।

चालकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध और तेज आवाज करने वाले साइलेंसर को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही शिकायतों और बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए यह कदम जरूरी था।

शिव सैनिकों ने पकड़ी मवेशियों से भरी पिकअप

जमुना कोतमा, नवभारत 9 अप्रैल। क्षेत्र में बढ़ रही पशु तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अब शिवसैनिकों ने मोर्चा खोल दिया है। बीती रात साथियों के सहयोग से क्रूरता पूर्वक मवेशियों से भरी एक पिकअप को फूनगा में पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

घेराबंदी कर पकड़ा वाहन

जानकारी के अनुसार, शिवसैनिकों को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में मवेशियों को बेहद क्रूर तरीके से लादकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही सतर्क हुए कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी की

और वाहन को रोक लिया। शिवसैनिकों के तेवर देख पिकअप छोड़कर ड्राइवर भाग खड़ा हुआ। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि ड्राइवर और गाड़ी का मालिक हत्थे चढ़ जाते, तो उन्हें कड़ा सबक सिखाया जाता।

कार्यवाही में ये रहे शामिल

उक्त कार्यवाही में कोतमा नगर अध्यक्ष बरकत कुरैशी, निहाल खान , किशन चौधरी, अमन शर्मा, जितेंद्र सिंह, आर्यन पनिका, दिवाकर साहू, पंकज पनिका, सुमित पनिका, राहुल पूरी, आदर्श मिश्रा, मोनू, प्रवीण पटेल, सेंटी विश्वकर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थिति रहे।

तस्करों और दलालों को कड़ी चेतावनी

इस कार्रवाई के बाद शिवसैनिकों ने खुले तौर पर क्षेत्र के पशु तस्करों और उनके दलालों को चेतावनी दी है।

लोकगंधर्व संगीत सम्मान से सौम्या होंगी सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। शिक्षाविद साहित्यकार अजय शर्मा 'गूंज' अंतर्राष्ट्रीय कला मंच द्वारा स्थापित लोकगंधर्व पण्डित रुद्रदत्त दुबे जीवंत सम्मान इस वर्ष लोकसंगीत जगत की चर्चित गायिका सौम्या त्रिपाठी मिश्र को प्रदान किया जायेगा। सम्मान समिति के संरक्षक डा. बैजनाथ गौतम की अध्यक्षता एवं गूंज मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष तिवारी के आतिथ्य में यह निर्णय अलंकरण कार्य समिति में लिया चि गया। ज्ञात हो अखिल भारतीय स्तर पर स्थापित यह जीवंत सम्मान विगत वर्ष ग्वालियर दतिया की लोक गायिका रजनी अरजरिया को प्रदान किया गया था।

9 .267 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

जैतहरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

अनूपपुर, नवभारत 9 अप्रैल। मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत अनूपपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना जैतहरी पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 9.267 किलोग्राम गांजा जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मसरूके की कुल कीमत लगभग 2.21 लाख आंकी गई है।

पहली कार्रवाई 7 अप्रैल की रात कस्बा पेट्रोलिंग के दौरान कुसुमहाई रोड पर की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल चालक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश राठौर उम्र 40 निवासी ग्राम गोरसी जिला उमरिया बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1.037 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा कीमत करीब 9 हजार और बिना नंबर की मोटरसाईकिल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

दोनों आरोपियों को भेजा गया जेल

दूसरी कार्रवाई 8 अप्रैल की रात गश्त के दौरान खोली फाटक टोला से मरनी टोला मार्ग पर की गई। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसने अपना नाम दीपनारायण द्विवेदी बताया। तलाशी में उसके पास से 8 पैकेटों में रखा 8.230 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा कीमत करीब 72 हजार और मोटरसाईकिल जब्त कर उसे गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में कुल 9.267 किलोग्राम गांजा और दो मोटरसाईकिल जब्त की गईं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

एक नजर में

नल-जल योजना के पंप ऑपरेटरों का प्रशिक्षण आयोजित

अनूपपुर, नवभारत। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड पुष्पराजगढ़ में नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण को लेकर महत्वपूर्ण पहल की गई। जनपद कार्यालय के सभागार में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पंप ऑपरेटरों के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों में कार्यरत पंप ऑपरेटरों को नल-जल योजना के प्रभावी संचालन, रखरखाव (मेंटेनेंस), तकनीकी सावधानियों और समस्या समाधान के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि योजनाओं की निरंतरता और गुणवत्ता बनाए रखने में ऑपरेटरों की भूमिका बेहद अहम है। कार्यशाला के दौरान जनपद पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा विकासखंड समन्वयक भी मौजूद रहे।

श्रमदान से केवई नदी के किनारों की साफ-सफाई की गई

अनूपपुर, नवभारत। राज्य शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत जिले में जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के निर्देशन में जल स्रोतों की साफ-सफाई का कार्य जनसहयोग और श्रमदान के माध्यम से तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। जिले के जनपद अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी और पुष्पराजगढ़ में ग्राम पंचायतों तथा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से नागरिकों को जागरूक कर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत वर्षा ऋतु से पहले जल संरक्षण संरचनाओं को साफ-सुथरा और उपयोगी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद कोतमा के अंतर्गत केवई नदी के किनारों की सफाई ग्राम पंचायत सारंगढ़ द्वारा श्रमदान से की गई।

डॉ. अम्बेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 14 को

अनूपपुर, नवभारत। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को अनूपपुर जिले में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी को नोडल अधिकारी तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सरिता नायक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत कार्यक्रम स्थल पर टेंट, साउंड सिस्टम, माइक और मंच निर्माण के साथ-साथ साफ-सफाई और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

लूट कांड के 4 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

न्यायालय ने माना गंभीर अपराध, आरोपियों का आपराधिक इतिहास है

अनूपपुर, नवभारत 9 अप्रैल। जिले में हुए एक सनसनीखेज लूट कांड में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अनूपपुर नरेंद्र पटेल की अदालत ने लूट के मामले में गिरफ्तार आरोपियों धर्मेंद्र वंशकार, राज वंशकार, राहुल वंशकार एवं भीमसेन उर्फ भिम्मा वंशकार की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

घटना 8 मार्च की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार फरियादी राकेश कुमार केवट साथी चमनलाल केवट के साथ हैदराबाद से मजदूरी कर ट्रेन से अनूपपुर लौटे थे। ट्रेन लेट होने के कारण दोनों पुरानी सब्जी मंडी स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय परिसर में रुके हुए थे। इसी दौरान चारों आरोपियों ने मिलकर उन पर हमला कर दिया और उनका वीवो कंपनी का लगभग 19 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन तथा 1 हजार 400 रुपये नकद लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मोटरसाईकिल से फरार हो गए।

ये हैं चार आरोपी

पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में धर्मेंद्र वंशकार, राज वंशकार, भीमसेन उर्फ भिम्मा वंशकार तथा राहुल वंशकार शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया था।

न्यायालय ने परिस्थितियों का गंभीरता से किया अवलोकन

चारों आरापियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपियों के आपराधिक इतिहास, अपराध की गंभीर प्रकृति तथा प्रकरण की समस्त परिस्थितियों का गंभीरता से अवलोकन किया। न्यायालय ने पाया कि यह गंभीर अपराध है और आरोपियों को जमानत देने से समाज में गलत संदेश जा सकता है, जिसके चलते उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

पूर्व भाजपा जिला महामंत्री कैलाश सिंह मरावी ने कलेक्टर को लिखा पत्र

जर्जर पुलिस क्वार्टर दे रहे हादसे को न्यौता

अनूपपुर, नवभारत 9 अप्रैल। जिले के जैतहरी नगर में स्थित लगभग सात-आठ दशक पुराने जर्जर पुलिस सर्किल क्वार्टर को लेकर एक बार फिर प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री एवं कृषि उपज मंडी जैतहरी के पूर्व अध्यक्ष कैलाश सिंह मरावी ने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पत्र लिखकर इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में मरावी ने उल्लेख किया है कि कलेक्टर कार्यालय द्वारा जुलाई 2024 में जारी आदेश के तहत लोक निर्माण विभाग की अनुपयुक्तता रिपोर्ट के आधार पर जिले के जर्जर भवनों को ध्वस्त कर समतलीकरण की अनुमति दी गई थी। इस आदेश के पालन में जैतहरी नगर के कई भवन—जैसे मिडिल स्कूल (वार्ड 10), वन विभाग निरीक्षण कुटीर (वार्ड 6) तथा प्राथमिक स्कूल मनागंज

(वार्ड 11)—को कई माह पूर्व ही तोड़कर समतल कर दिया गया।

एसपी को लिखे गए कई पत्र

हालांकि, इसी क्रम में जैतहरी के वार्ड क्रमांक 10 स्थित मुख्य मार्ग पर बने पुलिस सर्किल क्वार्टर को लेकर स्थिति अब भी जस की तस बनी हुई है। मरावी का आरोप है कि नगर परिषद जैतहरी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा पिछले लगभग एक वर्ष में नगर निरीक्षक, थाना जैतहरी एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को कई पत्र लिखे जाने के बावजूद अब तक इस जर्जर भवन को हटाने की सहमति नहीं दी गई है।

कलेक्टर के आदेश की कर रहे अनदेखी

उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कानून के रखवाले ही यदि कलेक्टर के आदेश की अनदेखी करें, तो यह व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। यह क्वार्टर उत्कृष्ट बालक हायर सेकेंड्री स्कूल के समीप तथा अहिंसा चौक जैसे व्यस्त मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र एवं आम नागरिकों का आवागमन होता है। ऐसे में किसी अप्रिय घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

धरना-प्रदर्शन | गेंहू खरीदी सहित किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, सौंपा मांग पत्र

सरकार किसानों को इनकम टैक्स के दायरे में लाना चाहती है : चौहान

अनूपपुर नवभारत 9 अप्रैल। जिले में गुरुवार को गेहूं खरीदी में देरी और किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री मुर्दाबाद के लगे नारे, किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध मांग पत्र सौंपा। साथ ही चेतवनी दी कि किसानों के हित में समस्याओं का समाधान जल्द करें अन्यथा किसान हित में अनूपपुर कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी।

गेहूं खरीदी में देरी का लगाया आरोप

नेताओं ने आरोप लगाया कि खरीदी देर से और अधूरी हो रही है, जिससे किसानों को नुकसान हो

रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को इनकम टैक्स के दायरे में लाना चाहती है। सरकार के समक्ष कई मांगें रखते हुए जल्द समाधान की मांग की।

तारीख बार-बार बदलने पर उठाए सवाल

जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की विरोधी है और उनकी कमर तोड़ रही है। गेहूं, मक्का और चना की खरीदी किसानों से नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापारी माल खरीदकर किसानों के नाम पर तौल रहे हैं, जिसका लाभ भाजपा से जुड़े व्यापारियों को मिल रहा है। उन्होंने गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर भी सवाल उठाए।

इनकी रही उपस्थिति

प्रदर्शन में पूर्व विधायक सुनील सराफ, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह सहित जिले के विभाग, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षगण, जिले वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, तीनों विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई के जिला, विधानसभा, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर के पदाधिकारी नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

फर्टिलाइजर के दाम 10 गुना बढ़ गए

विधायक फुंदेलाल सिंह ने बताया कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, फर्टिलाइजर के दाम 10 गुना बढ़ गए हैं। मध्य प्रदेश में कूपन सिस्टम लागू किया गया है, जिससे किसानों को खाद मिलने में परेशानी हो रही है और ब्लैक में ऊंचे दामों पर खाद बिक रहा है। फसल बीमा न होने और सोयाबीन व मक्का को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग उठाई।